वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 18 | सोमवार 13 मई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## महिला डॉक्टर्स ने साड़ी पहनकर किया रैंप वॉक

**जंगल थीम, वेडिंग थीम, बॉलीवुड थीम, रेट्रो स्टाइल व बीच थीम को किया शोकेश; डॉक्टर एंड सारीज सीजन-2 का समापन**

**जयपुर. कासं**

राजधानी जयपुर में साड़ी को बढ़ावा देने के लिए डॉक्टर एंड सारीज सीजन-2 आयोजित हुआ। रविवार को एक फाइव स्टार होटल में हुए थीम आधारित इस कार्यक्रम में 200 लेडी डॉक्टर्स ने भाग लिया। इन डॉक्टर्स ने अलग-अलग ग्रुप में अपनी-अपनी थीम के अनुसार साड़ियों का शोकेस किया। इस दौरान गेम्स और मनोरंजन के कार्यक्रम भी हुए। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पूजा रूंगटा ने बताया कि इस आयोजन में हर साल की तरह प्रदेशभर से अलग-अलग फैकल्टी से सुप्रसिद्ध महिला चिकित्सकों ने भाग लिया। वेस्टर्न कपड़ों के बीच भारतीय महिलाओं की पहचान साड़ी वर्तमान में भी विश्व में विख्यात है। पारंपरिक परिधान के रूप में सदियों से चली आ रही साड़ी की पहचान आज भी कायम है। इसी पहचान को बनाए रखने के लिए जयपुर की महिला डॉक्टर्स आगे आईं हैं। डॉ. पूजा रूंगटा ने बताया कि डॉक्टर एंड सारीज एक



अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सोशल मीडिया समूह है, जिसमें करीब 42 हजार मेंबर्स हैं, जो भारत एवं अन्य देशों में रहते हुए हुए भारतीय परिधान साड़ी को प्रमोट करते हैं। डॉ. माधुरी, डॉ. उर्मिला और डॉ. रितु ने बताया कि कार्यक्रम में अलग-अलग ग्रुप अपनी-अपनी थीम के हिसाब से साड़ियों का शोकेस किया गया। कार्यक्रम में गेम्स और मनोरंजन के कार्यक्रम भी हुए। उन्होंने बताया- आज की इस भाग दौड़ की जिंदगी में डॉक्टर की लाइफ बहुत ज्यादा बिजी होती है और उन बिजी पलों में अगर महिला डॉक्टर अपने लिए अपने कल्चर के लिए कुछ समय निकाल कर और इस तरह का नया प्रयोग करते हैं तो हमारे समाज के लिए यह गर्व की बात है। डॉ. रश्मि बिस्सा ने बताया कि इस प्रोग्राम में मुख्य आकर्षण जंगल थीम, वेडिंग थीम, बॉलीवुड थीम, रेट्रो स्टाइल और बीच थीम में साड़ियों का शोकेस है। इस कार्यक्रम के लोगो का डिजाइन डॉ. रितिका अग्रवाल कैरीकेचर आर्टिस्ट ने किया। डॉ. पूजा रूंगटा ने इस ग्रुप की नेशनल एडमिन डॉ. कविता बापट और डॉ. अनुराधा खार का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने साड़ी को डॉक्टर के बीच में एक अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई।

## एक्ट टू एक्शन एलुमिनाई मीट में स्टूडेंट्स सम्मानित

**बच्चों को कैमरा एक्टिंग और पर्सनैलिटी डवलपमेंट के सिखाए जाएंगे गुर, 19 मई से शुरू होगी वर्कशॉप**

**जयपुर. कासं**

नन्हें-मुन्हों ने परफॉर्मेंस और एक्टिंग टैलेंट से राजस्थान का नाम रोशन करने वाले स्टूडेंट्स एक मंच पर आए। इन बच्चों ने न सिर्फ देश के सबसे बड़े ब्रांड्स के लिए टेलीविजन और ऐड इंडस्ट्री में काम किया। वहीं बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों के साथ स्क्रीन भी शेयर किया है। मौका था, एक्ट टू एक्शन के एलुमिनाई मीट कार्यक्रम का। गांधी पथ स्थित शांति जूनियर्स में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में इन सभी स्टूडेंट्स को इतनी छोटी उम्र में ये मुकाम हासिल करने के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही एक्ट टू एक्शन और शांति जूनियर्स की ओर से जयपुर समर कैम्प के आयोजन की भी घोषणा की गई। इस समर कैम्प में शहर के बच्चों को लाइफ स्किल्स, पर्सनेलिटी डेवलपमेंट पर ट्रेनिंग देने के साथ ही कला के विभिन्न पहलू भी सिखाए जाएंगे। कैंप के बारे एक्ट टू एक्शन से कृतेश अग्रवाल ने बताया कि ये समर कैंप 19 मई से 1 जून तक जयपुर के 6 अलग-अलग सेंटर्स गांधीपथ, श्याम नगर, प्रताप नगर, पत्रकार कॉलोनी, शास्त्री नगर,



मालवीय नगर में आयोजित होगा। जहां बच्चों को एक ही छत के नीचे आर्ट, कल्चर, एक्टिंग, रीडिंग, लिस्निंग, योगा सहित माइंड और सोल के डेवलपमेंट के लिए विभिन्न एक्टिविटीज करवाई जाएगी। भीलवाड़ा के धनिष्क दाधीच जाने-माने डायरेक्टर नितीश तिवारी की ओर से निर्मित फिल्म रामायण में दिखने वाले है। इस फिल्म में वे रणवीर कपूर के बाल रूप भगवान राम के किरदार में दिखाई देंगे। वहीं अड़ानी ग्रीन्स के विज्ञापन में जयपुर से चाइल्ड आर्टिस्ट शौर्य पटेल, रुद्र शर्मा, देवज्ञ कुमावत भी दिखाई देंगे। वहीं शहर के प्रणय मालपानी, अनन्य गालव और यथार्थ भी हुंडई, जी टीवी के डेली सोप्स में लीड और गवर्नमेंट विज्ञापनों में दिखाई दे चुके है।

# 217 वर्ष प्राचीन दिगम्बर जैन मंदिर बुधचंद जी में दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न

## जयकारों के बीच नवीन वेदियों में विराजे श्री जी



जयपुर. शाबाश इंडिया। किशनपोल बाजार के टिक्कीवालों का रास्ता स्थित विक्रम संवत 1864 में निर्मित 217 वर्ष प्राचीन श्री दिगम्बर जैन मंदिर श्री बुधचंद जी बज में नवीन वेदियों में जयकारों के बीच जिनबिम्बों को विराजमान करने के साथ ही दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न हो गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अध्यक्ष मोहनलाल बज एवं मंत्री सुभाष बज ने बताया कि रविवार को आचार्य निमंत्रण के बाद प्रातः 7 बजे बैण्ड बाजों के साथ विशाल घट यात्रा निकाली गयी जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएँ शामिल हुई। तत्पश्चात प्रतिष्ठाचार्य सनत कुमार जैन के निर्देशन में समाजश्रेष्ठी तारा चंद-हेमलता बज द्वारा ध्वजारोहण किया, दीप प्रज्जवलन राजेश बज द्वारा किया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में किए गए जीर्णोद्धार कार्य, डोम निर्माण एवं नवनिर्मित 5 वेदियों के शुद्धि संस्कार किए गए। उपाध्यक्ष संजय भौच के मुताबिक महोत्सव में सौधर्म इन्द्र सुनील - सुमन बज, यज्ञनायक राजीव - रेणू बज, कुबेर राजीव - ममता बज, चक्रवर्ती सुभाष - शशि बज, ईशान इन्द्र विनय - मीना बज, सनतकुमार इन्द्र प्रदीप-अल्का बज, माहेन्द्र मोहनलाल - कमला बज, ब्रम्हेन्द्र ताराचंद - सुमन बाकलीवाल, शुकेन्द्र निर्मल - शर्मिला बज, शतारेन्द्र नवनीत - निशा बज, सहस्त्राइन्द्र शरद - मनीषा बज के नेतृत्व में संगीतकार नवीन कुमार की संगीतमय प्रस्तुति के साथ अष्ट द्रव्य से याज्ञ मण्डल विधान पूजा की गई। प्रातः 11 बजे विश्व शांति महायज्ञ हुआ जिसमें मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति दी गई। दोपहर 12.15 बजे मंत्रोच्चार के साथ जयकारों के बीच भगवान आदिनाथ, अजितनाथ, विमलनाथ, मल्लिनाथ, मुनिसुव्रत नाथ सहित अन्य जिन बिम्बों को नवीन वेदियों में विराजमान किया गया। इस मौके पर रराजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, राजस्थान जैन सभा के महामंत्री मनीष बैद, दिगम्बर जैन महासमिति के अंचल अध्यक्ष अनिल जैन, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन राजस्थान रीजन के अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, महावीर सेठी सहित महोत्सव में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। 217 वर्ष प्राचीन है यह दिगम्बर जैन मंदिर -100 साल पूर्व इसी मंदिर में हुई थी दर्शन पाठ की रचना- मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के मंत्री सुभाष कुमार बज ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण आज से 217 वर्ष पूर्व विक्रम संवत 1864 में किया गया था। इसी मंदिर में बैठकर पं. बुधचन्द जी बज द्वारा लगभग 100 वर्ष पूर्व दर्शन पाठ " प्रभू पतित पावन, मै अपावन, चरन आयो सरन जी।

# डॉक्टर एंड सारीज सीजन-2 का भव्य समापन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

डॉक्टर एंड सारीज सीजन-2 का समापन रविवार को शहर के एक पांच सितारा होटल में रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पूजा रूंगटा ने बताया कि इस आयोजन में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी जयपुर की 200 लेडी डॉक्टर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से अलग-अलग फैकल्टी से सुप्रसिद्ध महिला चिकित्सकों ने भाग लिया। डॉ. रूंगटा ने बताया कि पाश्चात्य परिधानों के बीच भारतीय महिलाओं की पहचान साड़ी वर्तमान में भी विश्व में विख्यात है। पारंपरिक परिधान के रूप में सदियों से चली आ रही साड़ी की पहचान आज भी कायम है। इसी पहचान को बनाए रखने के लिए जयपुर की महिला डॉक्टर्स आगे आईं है। डॉ. पूजा रूंगटा ने बताया कि डॉक्टर एंड सारीज एक अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सोशल मीडिया समूह है जिसमें लगभग 42 हजार मेंबर्स हैं जो कि भारत एवं अन्य देशों में रहते हुए हुए भारतीय परिधान साड़ी को प्रमोट करते हैं। डॉ. माधुरी, डॉ. उर्मिला और डॉ. रितु ने बताया कि यह कार्यक्रम थीम के अनुसार हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम को 5 बजे शुरू हुआ जिसमें अलग-अलग ग्रुप अपनी-अपनी थीम के हिसाब से साड़ियों का शोकेस किया गया। कार्यक्रम में गेम्स और मनोरंजन के कार्यक्रम भी हुए। डॉ. मधु, डॉ. प्रिया एवं डॉ. सृष्टि ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आज की इस भाग दौड़ की जिंदगी में डॉक्टर की लाइफ बहुत ज्यादा बिजी होती है और उन बिजी पलों में अगर महिला डॉक्टर अपने लिए अपने कल्चर के लिए कुछ समय निकाल करके और इस तरह का नया प्रयोग करते हैं तो हमारे समाज के लिए यह गर्व की बात है। डॉ. रश्मि बिस्सा ने बताया कि इस प्रोग्राम में मुख्य आकर्षण जंगल थीम, वेडिंग थीम, बॉलीवुड थीम, एवं रेट्रो स्टाइल और बीच थीम में साड़ियों का शोकेस है। इस कार्यक्रम के लोगो का डिजाइन डॉ. रितिका अग्रवाल कैरीकेचर आर्टिस्ट ने किया। डॉ. पूजा रूंगटा ने इस ग्रुप की नेशनल एडमिन डॉ. कविता बापट एवं डॉ. अनुराधा खार का आभार व्यक्त किया जिन्होंने साड़ी को डॉक्टर के बीच में एक अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई।

## अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद मानसरोवर संभाग द्वारा आयोजित

# म्यूजिकल योग शिविर व बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडा वितरण

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

युवा परिषद मानसरोवर संभाग द्वारा आयोजित म्यूजिकल योग साधना शिविर एव बाद मे बेजुबान पक्षियों के लिए 61 परिंडा वितरण सिटी पार्क मानसरोवर मे किया गया ' परिषद के अध्यक्ष अशोक बिंदायका महामंत्री पारस जैन बोहरा ने बताया कार्यक्रम मे सैकड़ों लोगों ने योग शिविर का लाभ उठाया योग शिविर ट्रेनर ज्योति जैन व तनु शर्मा द्वारा शानदार योग शिविर का आयोजन किया गया ' सभी लोगो ने योग शिविर के माध्यम से आनंद महसूस किया



' कार्यक्रम मे क्षेत्रीय पार्षद पारस जैन व परिषद के परम शिरोमणि सरक्षक डॉ राजीव जैन व सतीश कासलीवाल एवम परिषद के परम सरक्षक शोभागमल जैन,परिषद के पदाधिकारी नीरज जैन,रवि गोदिका,रुचि सेठी, अमित जैन, मुकेश जैन, मुकेश कासलीवाल,मंजू कासलीवाल, अक्षित जैन, लक्ष्मी बिंदायका, राहुल सोगानी, दौलत गंगवाल, चेतन जैन, लक्ष्य, मिताली, रतन सोगानी, विनय सोगानी, विनीता जैन अंजलि जैन, महावीर बाकलीवाल आशा बाकलीवाल रोमेश जैन आदि सदस्य कार्यक्रम मे मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद आने वाले सभी सदस्यों के लिए फल्लाहार की व्यवस्था भी परिषद द्वारा की गई। अंत मे महामंत्री पारस जैन बोहरा ने सभी आने वाले लोगो का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर द्वारा विशाल निःशुल्क चिकित्सा जांच तथा परामर्श शिविर का आयोजन





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रविवार 12 मई को दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन जयपुर द्वारा सत्संग भवन, बापू नगर, जयपुर में विशाल निशुल्क जांच परामर्श शिविर का प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक आयोजन किया। रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने बताया कि यह शिविर चाँद बाई सेठी पारमार्थिक ट्रस्ट जयपुर के सहयोग से आयोजित किया गया। चिकित्सा शिविर के संयोजक, वीर ग्रुप के अध्यक्ष एवं वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन के क्लस्टर ट्रेनर वायरोलॉजी, नीरज जैन ने बताया कि शिविर में नारायणा हॉस्पिटल, शंकरा आई हॉस्पिटल, क्लोव डेंटल एवं आदिनाथ ई एन टी हॉस्पिटल की मेडिकल टीम ने अपनी सेवाएं दी। उक्त शिविर में 350 से अधिक रजिस्ट्रेशन किये गये। रीजन महासचिव निर्मल संघी ने अवगत कराया कि शिविर के विशेष सहयोगी वीरेंद्र सेठी एवं श्रीमती शान्ता




देवी सेठी, जैनेन्द्र जैन, श्रीमती रश्मि जैन, अशोक चांदवाड थे। शिविर समन्वयक विनय छाबड़ा ने बताया कि शिविर में निःशुल्क कम्पलीट बॉडी चेक, कम्पलीट आई चेक, कम्पलीट डेंटल चेक अप, कान के पर्दे की जांच, बी पी, ब्लड शुगर, मोटापे आदि की जाँच कराई। इस अवसर पर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय परामर्शक अनिल कुमार जैन **IPS,** राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पांड्या, राष्ट्रीय परामर्शक व रीजन प्रभारी नवीन सेन जैन, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष यश कमल अजमेरा, वीर सेवक मंडल के अध्यक्ष महेश काला, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन चेत्यालय बापू नगर के उपाध्यक्ष राजकुमार सेठी श्री मुनि सेवा समिति बापू नगर के अध्यक्ष राजीव जैन गाजियाबाद, राजस्थान जैन युवा महासभा के अध्यक्ष प्रदीप जैन लाला, महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा महावीर इंटरनेशनल के अंतराष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुधीर जैन, जैन बैंकर्स फोरम के अध्यक्ष भाग चंद जैन मित्र पूरा वाले, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महावीर बाकलीवाल, शासकीय सलाहकार भारत भूषण अजमेरा, रीजन कार्याध्यक्ष सुरेश जैन बांदीकुई, शाबाश इंडिया के प्रधान सम्पादक राकेश गोदीका, रीजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ राजेन्द्र कुमार जैन, श्रीमती मृदुला जी पांड्या, आदि की ओजस्वी उपस्थिति रही। इस शिविर में समाज के अनेक गणमान्य महानुभाव, समाज श्रेष्ठी गण, विभिन्न दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप्स के पदाधिकारी, बापू नगर समाज के पदाधिकारी, बापू नगर महिला मंडल व सदस्यों की गौरवमई उपस्थिति रहीं रीजन महासचिव निर्मल संघी ने वीर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज जैन व सचिव पंकज जैन का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

# धीरेन्द्र बने पार्श्व जैन मिलन के अध्यक्ष, गौरव सिन्नी बने कार्यकारी अध्यक्ष मंत्री नीरज तारई

**गौरव जैन सिन्नी. शाबाश इंडिया**

अशोकनगर। पार्श्व जैन मिलन अशोकनगर की जनरल वाडी की मीटिंग का आयोजन डाक्टर नीतेश के परामर्श केन्द्र पर रात्रि 8-30पर अतिवीर नरेश चंद्र जैन तत्काल पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में महावीर प्रार्थना से प्रारम्भ किया गया जिसमे प्रथम तो गत वर्ष का आय व्यय वीर दीपक जैन मलावनी कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया। भारतीय जैन मिलन क्षेत्र 12 का सिल्वर जुबली क्षेत्रीय अधिवेशन शाखा के आतिथ्य में 25 फरवरी 24 को आयोजन हुआ था जिसमें शाखा के वीरों ने तन मन। धन से समर्पण के साथ कार्य किया था उन सभी वीरो का सम्मान शील्ड एवं पट्टिका पहना कर तत्काल पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष द्वारा



किया गया शाखा के अध्यक्ष वीर जीतू जैन घाट वमूरिया तथा शाखा मंत्री वीर नीरज जैन तारई को राष्ट्रीय महामंत्री द्वारा प्राप्त सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया सम्मानित होने वाले वीर अरविंद पत्रकार दीपक मलावनी विनोद पंडोरा पंकज जैन धीरेन्द्र जैन राजमल जैन अनुराग जैनमनीष जैन सोरभ जैन गोरव जैन आषीस जैन आषीस जैन सोनू प्रवीण जैन सुयोग जैन गोरभ जैन सोरभ ओडेर सहित आषीस मलावनी का सम्मान किया। सम्मान के उपरांत जनरल मीटिंग में निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया गया और अध्यक्ष पद हेतु नाम प्रस्ताव लिए गये जिसमें वीर गोरव जैन सिन्नी द्वारा वीर धीरेन्द्र जैन भग्गा का नाम का प्रस्ताव रखा गया जिसका समर्थन वीर अनुराग जैन तथा वीर सुयोग जैन भूसा द्वारा किया गया एक ही नाम का प्रस्ताव आने से निर्वाचन अधिकारी अतिवीर नरेश चंद्र जैन द्वारा वीर धीरेन्द्र जैन को वर्ष 2024-25के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया वीर धीरेन्द्र को सभी ने बधाई दी एवं उनके द्वारा मंत्री पद पर वीर नीरज जैन कार्यकारी अध्यक्ष पद पर वीर गोरव जैन सिन्नी कोषाध्यक्ष पद पर वीर दीपक जैन मलावनी की घोषणा की गई पूर्व अध्यक्ष जीतू जैन घाट वमूरिया द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया

## वेद ज्ञान

### आत्मविश्वास बेहद जरूरी

जीवन में आत्मविश्वास बेहद अहम है। आत्म शब्द आत्मा की शक्ति को परिलक्षित करता है। यह आत्म ही आत्मा का पर्याय है। आत्मा की शक्ति के निकलते ही जीवन समाप्त हो जाता है। प्रायः व्यक्ति में अधीरता बहुत जल्द व्याप्त होती है जो जीवंतता के मार्ग में बाधक है, जबकि धैर्य सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। आत्मविश्वास सबसे पहले हमें विवेक प्रदान करता है। आत्म के साथ जो विश्वास शब्द का मेल है, वह हमें चुनौतियों से जूझने की ताकत देता है और लक्ष्य के पथ पर चलने का मार्ग प्रशस्त करता है। विश्वास है तो बड़ा साधारण शब्द, लेकिन इसका जो मानक है, वह ब्रह्म से लेकर मानव में देखा जाता है। अगर हमारा अपने पर विश्वास न रहे तो हम अपने परिवार के साथ-साथ समाज के लिए भी निष्प्रयोज्य हो जाएंगे। कमजोर आत्मबल प्रायः घातक बन जाता है और डिप्रेशन जैसी बीमारी से ग्रस्त कर देता है। त्रेता युग में भगवान राम अपने इसी आत्मबल से रावण जैसे शक्तिशाली शख्स को पराजित करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं कि आत्मबल के लिए भौतिक साधनों का भंडार जरूरी नहीं। आत्मविश्वास हमारी पूंजी है। यह पूंजी कभी न खत्म होने वाली पूंजी है। एक बार बैंक की पूंजी, परिवार की पूंजी और समाज की पूंजी खत्म हो सकती है, लेकिन जिसके पास यह पूंजी संचित है, वह पराजित नहीं सकता है। एक बार महात्मा गांधी से मिलने के लिए इंग्लैंड की तत्कालीन महारानी विक्टोरिया ने उन्हें इंग्लैंड आने के लिए आमंत्रित किया। गांधीजी घुटने तक की धोती पहनते थे। इंग्लैंड में महारानी के अधिकारियों ने उनसे कहा आप इस वेशभूषा में नहीं मिल सकते। आप कोट-पैंट और टाई पहन कर ही महारानी से मिल सकते हैं। आपके लिए यह व्यवस्था पहले से की गई है। इन कपड़ों को पहन लीजिए। गांधीजी ने अंग्रेजों का कपड़ा पहनने से इन्कार कर दिया और कहा कि हमारे भारत को आप लोगों ने गरीब और खोखला कर दिया है। हमारे देश के लोग गरीबी में रहते हैं। मैं जो पहनता हूं उसे नहीं बदल सकता। मैं इसी वेशभूषा में महारानी से मिलूंगा। यदि मेरी बात स्वीकार नहीं हो तो वापस चला जाऊंगा।

## संपादकीय

# अस्पताल में भ्रष्टाचार का मामला बेहद चिंताजनक

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि अस्पताल जैसी जिस जगह पर लोग अपनी किसी गंभीर बीमारी का इलाज कराने, जान बचाने की भूख में जाते हैं, वहां अन्य कर्मचारियों से लेकर खुद कुछ चिकित्सक तक उनकी सेहत को कई बार दांव पर लगा देते हैं। सीबीआइ ने छानबीन के बाद दिल्ली के राममनोहर लोहिया अस्पताल में चल रहे जिस भ्रष्ट तंत्र का खुलासा किया है, वह बेहद चिंताजनक है। गौरतलब है कि इस अस्पताल के दो



चिकित्सकों सहित ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जो एक ओर रिश्वत के बदले वहां कुछ खास कंपनियों के उत्पाद के कारोबार को बढ़ावा दे रहे थे, वहीं मरीजों पर भर्ती होने के लिए पैसे भी लिए जाते थे। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि खबरों के मुताबिक, किसी गर्भवती के परिजन जब तक रिश्वत की रकम नहीं चुकाते थे, तब तक उन्हें वार्ड में जगह नहीं दी जाती थी। मरीजों और उनके परिजनों को धमकाने के भी आरोप हैं। हैरानी की बात यह है कि देश की राजधानी में सबसे अहम माने जाने वाले अस्पतालों में से एक में इस तरह का भ्रष्टाचार धड़ल्ले से चल रहा था और उस पर किसी की नजर नहीं जा रही थी या फिर जानबूझ कर उसकी अनदेखी की जा रही थी। माना जाता है कि देश की राजधानी होने के नाते दिल्ली में चिकित्सा व्यवस्था की तस्वीर चाकचौबंद होगी और यहां इस तरह के भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं बन सकती। मगर इस जाने-माने अस्पताल में कुछ चिकित्सकों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों ने रिश्वत के बदले कुछ खास कंपनियों के उत्पादों और उपकरणों के कारोबार को जिस तरह बढ़ावा दिया, वह हैरान करने वाला है। सवाल है कि इस भ्रष्टाचार को खुद अस्पताल के तंत्र के भीतर या फिर सरकार के संबंधित महकमों की नजर और फिर कार्रवाई के दायरे में आने में इतना वक्त कैसे लग गया? चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति और उनके उपयोग पर नजर रखने के लिए क्या वहां कोई व्यवस्था नहीं है? अगर है, तो कुछ खास कंपनियों के सामानों पर लगातार मेहरबान होने पर किसी को शक क्यों नहीं हुआ? अगर मरीजों से गलत तरीके से पैसे वसूले जाते थे या फिर कुछ खास ब्रांड के उत्पाद ही लेने पर मजबूर किया जाता था, तो यह इतनी देर से पकड़ में क्यों आया? जाहिर है, भ्रष्टाचार का यह दुश्चक्र अस्पताल के कुछ डाक्टर और अधिकारियों या कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना नहीं चल रहा होगा। यह छिपा तथ्य नहीं है कि कई बार मरीजों को कुछ डाक्टर गैरजरूरी दवाइयां लेने की सलाह भी देते हैं। दवा या चिकित्सा उपकरणों के कारोबार को बढ़ावा देने के एवज में दवा कंपनियों की ओर से डाक्टरों को दुनिया के अलग-अलग देशों के दौरे पर ले जाने या महंगा तोहफा देने के प्रस्ताव की खबरें आम रही हैं। इस तरह के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं, जिसमें किसी खास दवा कंपनी से धन या सुविधाओं के बदले डाक्टर मरीजों को वैसी दवाएं लेने या जांच कराने की सलाह दे देते हैं, जो निहायत ही गैरजरूरी होती हैं। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# गलत जीवन-शैली संबंधी बीमारियां सरकार के लिए बनी चिंता का विषय

पिछले कुछ दशक में जीवन-शैली संबंधी बीमारियां सरकार के लिए चिंता का विषय बनती गई हैं। स्वास्थ्य और आहार विशेष निरंतर लोगों से अपनी जीवन-शैली में बदलाव लाने, आहार संबंधी सतर्कता बरतने का आह्वान करते रहे हैं, मगर उसका अपेक्षित असर नहीं देखा जाता। खासकर पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह लोगों की खानपान संबंधी आदतें बदली हैं, उससे कई नई तरह की बीमारियां पैदा हो रही हैं। स्वास्थ्य संबंधी इन नई समस्याओं की गिरफ्त में बच्चों और युवाओं को अधिक देखा जा रहा है। मोटापा और मधुमेह अब युवाओं के बीच आम समस्या की तरह उभरे हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद यानी आइसीएमआर ने अपनी एक रपट में खुलासा किया है कि 56.4 फीसद बीमारियां अस्वास्थ्यकर खानपान की वजह से होती हैं। आइसीएमआर की तहत काम करने वाली संस्था राष्ट्रीय पोषण संस्थान यानी एनआइएन ने आहार संबंधी विवरण पेश करते हुए सत्रह ऐसे खाद्य पदार्थों की सूची जारी की है, जिनसे परहेज करके बीमारियों से दूर रहा और स्वास्थ्यकर जीवन बिताया जा सकता है। निश्चय ही इससे लोगों में अपने स्वास्थ्य को लेकर कुछ सतर्कता बढ़ेगी। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि खासकर शहरी और कस्बाई जीवन में खानपान की आदतें बहुत तेजी से बदली हैं। जबसे डिब्बाबंद और बने-बनाए भोज्य पदार्थों का बाजार बढ़ा है, तबसे खानेपीने के पारंपरिक नियम-कायदे छिन्न-भिन्न होने लगे हैं। बच्चों और युवाओं की जीभ पर बाजार का स्वाद अपना राज करने लगा है। इसमें लोग भूल ही गए हैं कि क्या खाना सेहत की दृष्टि से उचित है और क्या अनुचित। खानेपीने का कोई तय समय भी नहीं रह गया है। इस तरह युवाओं के चयापचय पर बुरा असर पड़ा है, जिसका नतीजा उनमें बढ़ता मोटापा और उनके हृदय पर बढ़ता बोझ है। बहुत सारे कसरत



करने वाले युवा, बिना सोचे-समझे प्रोटीन की खुराक लेते हैं, यह उनकी सेहत पर बहुत बुरा असर डाल रहा है। इसे लेकर आइसीएमआर ने आगाह किया है। यह निश्चय ही चिंता का विषय है कि आधे से अधिक लोगों में बीमारियां केवल गलत खानपान की आदतों की वजह से पैदा हो रही हैं। इसके लिए जनजागरूकता बढ़ाना जरूरी है।

# दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल द्वारा आयोजित धार्मिक संस्कार शिविर की 'शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न'

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



महावीरनगर, दुर्गापुरा में दि.- 12 मई 2024 को श्री दिग.जैन मन्दिर भवन, महावीर नगर दुर्गापुरा में प्रातः 9.15 वजे से दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल, संभागों एवं महिला अंचल के संयुक्त तत्वावधान में द्वारा ग्रीष्मकालीन धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर में पढाने वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिविर दि. 15 मई से 24 मई 2024 तक पूरे राजस्थान के जैन मन्दिरों में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यशाला में मुख्य संयोजक डॉ. बी. सी. जैन ने प्रोजेक्टर के माध्यम से सामान्य शिक्षण को प्रभावी बनाना, समय-विषय का नियोजन, संस्कार पाठशाला के तीनों भाग के विशेष पाठ स्थलों का सरलीकरण, शिक्षण की विभिन्न शैलियों, अध्यापन में श्रावकाचार का समावेश, पूजन प्रशिक्षण, मूल्यांकन-प्रोत्साहन आदि विषयों पर प्रभावी शिक्षण- प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्य में श्रीमती प्रज्ञा जैन का विशेष सहयोग रहा। इसके बाद अंचल अध्यक्ष अनिल कुमार जैन, महावीर बाकलीवाल महामंत्री, डॉ. णमोकार जैन कार्याध्यक्ष, श्रीमती शकुन्तला विंदायका अंचल महिला अध्यक्ष, सूनीता पाटनी अंचल महिला महामंत्री, रमेशचंद्र जैन कोषाध्यक्ष, डॉ. बी सी जैन, कैलाशचन्द मलैया आदि महानुभावों ने शिविर के पोस्टर एवं श्रावकाचार संकल्प पत्र प्रारूप का विमोचन किया। अंचल अध्यक्ष अनिल जैन ने शिविर एवं महासमिति का परिचय, कैलाश चन्द जैन (मुख्य संयोजक- श्रावकाचार वर्ष) ने श्रावकाचार वर्ष एवं श्रावकाचार संकल्प पत्र की जानकारी दी। डॉ. अरविन्द कुमार जैन ने शिविर एवं श्रावकाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। महामंत्री महावीर बाकलीवाल ने शिविर आयोजन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की एवं सबका आभार प्रकट किया। इसके बाद समस्त शिविर केन्द्रों के निशुल्क सामग्री वितरित की गई। जिसमें संस्कार भाग 1, 2, 3, 4, छहढाला, भक्तामर, तत्वार्थसूत्र की किताबें, कापी, पेन, बैग, डाकूमेन्ट फाइल, संकल्प पत्र, पोस्टर, वैनर आदि वितरित किये गये। कार्यशाला में शिविर शिक्षक, प्रभारी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने कार्यशाला आयोजन की उपयोगिता बताई एवं प्रशंसा की। धार्मिक संस्कार शिविर पत्रिका का विमोचन श्री दर्शन जी बाकलीवाल एवं मनीष जी छाबड़ा सी ए ने किया। कार्य क्रम के पश्चात महामंत्री महावीर जैन बाकलीवाल ने पधारें हुए सभी सम्माननीय सदस्यों को धन्यवाद दिया एवं अल्पाहार के लिए आमंत्रित किया।

**महावीर जैन बाकलीवाल**
**महामंत्रीः दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल**

# पल्लीवाल जैन महासभा द्वारा सुबोध गर्ल्स कॉलेज में एक संगोष्ठी पर चर्चा का आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



पल्लीवाल जैन महासभा के मुख्य पत्र श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका की ओर से आज भगवान महावीर के 2550 में निर्माण महोत्सव वर्ष के अवसर पर सुबोध गर्ल्स कॉलेज में एक संगोष्ठी पर चर्चा का आयोजन किया गया कार्यक्रम के संयोजक चंद्रशेखर जैन एवं प्रकाश चंद जैन ने बताया कि परिचर्चा में जैन साधुचर्य पर डॉक्टर अनिल कुमार जैन आगरा डॉक्टर धर्मचंद जी जैन संपादक जिनवाणी एवं श्री महेश जैन महामंत्री महासभा ने अपने विचार रखें बताया कि दिगंबर साधु एवं श्वेतांबर साधु में 28 गुण तो समान होते हैं लेकिन दिगंबर साधु नंग्न अवस्था में श्वेतांबर साधु कपड़े धारण करते हैं दिगंबर साधु नगर अवस्था में रहते हैं आहार खड़े होकर एवं एक ही स्थान पर एक समय ही जल के साथ लेते हैं जबकि श्वेताम्बर साधु बैठकर घर-घर से गोचरी के रूप में भोजन एकत्रित कर एक साथ अन्य ग्रहण करते हैं तथा दो समय जल ग्रहण करते हैं कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति एवं जैन धर्म पर प्रोफेसर शीतल चंद जैन निदेशक एवं डॉ. (ब्र.) अनिल कुमार जैन प्राचार्य, दिगंबर जैन आचार्य संस्कृत विद्यालय सांगानेर एवं प्रोफेसर कमलेश कुमार जैन जैन अध्यक्षजैन दर्शन प्रकृति विद्या शाखा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन में बताया कि श्रवण एवं वैदिक संस्कृति से मिलकर भारतीय संस्कृति बनी है जैन धर्म का आरंभ कल बहुत प्राचीन है आर्यों के आगमन भारत में हुआ तब भारत में द्रविड़ सभ्यता फैली हुई थी वस्तुते यह ही जैन सभ्यता थी एवं जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव ने जैन धर्म के प्रवर्तक के रूप में कार्य किया जैन धर्म के 24 में तीर्थंकर भगवान महावीर ने जैन धर्म में स्वाध्याय,स्यादवाद करुणा योग, आदि के साथ अहिंसा पद पर चलने के उद्देश्य प्रदान किया कल की व्यवस्था बिना कल के नहीं होती है अतः हमें कर्म करते रहने चाहिए शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास के साथ-साथ व्यक्ति परिवार समाज एवं राष्ट्र का विकास करता है एक दूसरे के प्रति राग देश ने हो जीवन का स्वतंत्र विचरण हो बातों के माध्यम से श्रोता को बताया गया कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉक्टर अनुपम जैन इंदौर ने अपने उद्बोधन में जैन धर्म अहिंसा एवं अनेकांत वाद महत्वपूर्ण सिद्धांत है व्यक्ति जैसा कर्म करेगा वैसा ही फल मिलेगा इसी आधार पर चलता है उन्होंने इस शानदार आयोजन के लिए भी पालीवाल जैन पत्रिका को बहुत-बहुत साधुवाद दिया कार्यक्रम के अंत में पालीवाल जैन पत्रिका के सह संम्पादक श्री पारस जैन गहनोली एवं महेश जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। महासभा के महामंत्री श्री महेश जैन शानदार आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई दी। कार्यक्रम में श्री पारस जैन अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दक्षिण, सेवा निवृत्त आईएएस श्री आर सी जैन, देवकी नंदन जैन ,सुमंत प्रकाश जैन इंदौर भी उपस्थित थे।

# ब्राह्मण रत्न सम्मान से 45 प्रतिभाएं हुई सम्मानित








## ब्राह्मणों को संस्कारों के बल पर आगे बढ़ना चाहिए: रामचरण बोहरा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

ब्राह्मणों को अपने संस्कारों को प्रबल करते हुए समाज को दिशा एवं मार्गदर्शन देना चाहिए। ब्राह्मण समाज ने सदैव परहित में कार्य किया है। ब्राह्मण बच्चों को संस्कारित कर भगवान परशुराम जी की तरह जितेन्द्रिय बनना चाहिए। ये विचार आज भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के समापन के अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय ''ब्राह्मण रत्न'' सम्मान समारोह में जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा ने कहे। इस अवसर पर समारोह के अध्यक्षता करते हुए सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण सर्वहित की बात करता है और सर्वजन सुखाय की भावना से समाज को एक राह दिखाता है। लेकिन अब ब्राह्मणों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए और अग्रणी भूमिका निभाने वाला ब्राह्मण आज पिछड रहा है। उसे भी आगे बढने का अवसर मिलना चाहिए। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी भाजपा मंजू शर्मा ने कहा कि जब ब्राह्मण आगे बढ़ेगा तो देश में सामाजिक समरसता बढ़ेगी और परशुराम जी के बताये हुए रास्ते पर युवाओं को चलना चाहिए। इस अवसर पर आमेर विधायक प्रशांत शर्मा ने कहा कि सर्व ब्राह्मण महासभा और अन्य सामाजिक संगठनों को सामाजिक रूप से संगठित होकर समाज को एकजुट करना चाहिए और लोकतंत्र में अपनी ताकत दिखानी चाहिए। सर्व ब्राह्मण महासभा ने समाज हित में आरक्षण की एक लम्बी लडाई लडी है जिससे सफलता प्राप्त हुई है। इस अवसर पर हवामहल विधायक महामंडलेश्वर आचार्य बालमुकुंद आचार्य महाराज ने सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा कहा कि सभी ब्राह्मण संगठनों को रचनात्मक कार्यों की तरफ बढ़ना चाहिए। राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर ने कहा कि ब्राह्मण को अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए परशुराम जी के विषय में अज्ञानता वष कई विभेद पडे है उन्हे दुर करना चाहिए। इस अवसर पर श्री गोविन्द पारीक पूर्व अतिरिक्त निदेशक डीपीआर ने ब्राह्मण और सर्व समाज विषय पर अपने विचार प्रकट किये। सर्व ब्राह्मण महासभा की पूरे देष-विदेष में हो रही गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर श्रम न्यायालय के न्यायाधीश- अनीष दाधीच, वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी-सुश्री गीतिका पाण्डेय, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर-डॉ. पी.सी त्रिवेदी, पूर्व आचार्य- प्रोफेसर डॉ. प्रहलाद राय व्यास, एसीबी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक-संदीप सारस्वत, महर्षि अरविन्द ग्रुप के डायरेक्टर-डॉ. संजय पाराशर, असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर-संजय शर्मा, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष-डॉ. मधु मुकुल शर्मा, ईटीवी के हेड-अश्विनी विजय प्रकाश, वेदांता पीजी गर्ल्स कॉलेज की प्रिंसिपल- डॉ. शुभा शर्मा, फोर्टिस हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी-डॉ नीरज नगाइच, राष्ट्रपति के अंगरक्षकों को साफा बांधने में महारत-सुश्री दिया शर्मा, एसएमएस हॉस्पिटल के सहायक प्रोफेसर-डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, फोर्टिस हॉस्पिटल के सीनियर मेडिकल ऑफिसर-डॉ. निखिल व्यास, प्रसिद्व भागवत एवं रामकथा प्रवचन-आचार्य गोपाल शरण महाराज, जगदम्बा आश्रम के संस्थापक-आचार्य पवन भारद्वाज, प्रसिद्ध ज्योतिष एवं गोदूत-ज्योतिषाचार्य श्री अंकित रावल, ठिकाना मंदिर लक्ष्मण द्वारा के महंत वेणुगोपाल गौड, कुसुम ज्वैलर्स की संस्थापक-कुसुम पाटनवाला, फ्यूचर टेक प्रा.लि. के सीईओ-अशोक कुमार व्यास, तारा आर्ट पैलेस के डायरेक्टर-जयेष गौतम, मेहता ग्रुप कॉलेज एवं स्कूल के डायरेक्टर-राधेश्याम मेहता, एसएमएस हॉस्पिटल में ट्रामा लैब इंचार्ज-डॉ. सुमित तिवारी, सहायक व्याख्याता- महेश कुमार शर्मा, कनिष्ठ अभियंता-परमानन्द शर्मा, वेद स्वाध्याय पीठ गुरुकुल के संस्थापक-महेश कुमार शर्मा, प्रसिद्ध रेडियोग्राफर-दीनदयाल शर्मा, गायत्री कोरियर के डायरेक्टर-सुरेंद्र कुमार शर्मा, विधिक सेवा से -एडवोकेट प्रकाश शर्मा, चार्टर्ड अकाउंटेंट-सीए गौतम शर्मा, वीज लीगल फर्म के संस्थापक-एडवोकेट विनीत षर्मा, शास्त्रीय संगीत से -छवी जोशी, संतोष स्टील अपोलो पाइप्स के डायरेक्टर-कन्हैयालाल शर्मा, शुभविचार संस्था के संस्थापक -जितेंद्र शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता-एडवोकेट अतुल चतुर्वेदी, श्री नेहरू ज्ञान मंदिर स्कूल के संस्थापक-गोपाल लाल शर्मा, तैराकी खेल से-सुश्री कोमल गौतम, षर्मा डायमण्ड एण्ड ज्वेलरी के संस्थापक-पं. श्याम शास्त्री, राजकीय सेठ आनन्दीलाल पोद्दार दिव्यांग बधिर स्कूल के प्रधानाचार्य-भरत जोशी, ज्योतिष-सत्यवीर भारद्वाज, समाज सेवा से-पवन डिडवानिया, श्रीनाथ शर्मा, उमेश छंगाणी, महेश कुमार पारीक, विषाल शर्मा, मनोज शर्मा को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, साफा व दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में संस्था के पदाधिकारियों प्रदेश संगठन मंत्री पं. श्याम शास्त्री, राष्ट्रीय महामंत्री सविता शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एड. कमलेश शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष गब्बर कटारा, जिला अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत, युवा जयपुर संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, राजू शर्मा ने अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा व साफा पहनाकर कर स्वागत किया। अन्त में बाबूलाल शर्मा ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विप्र महासभा के अध्यक्ष सुनिल उदईया, परशुराम सेना के अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी, एडवोकेट बी.बी. शर्मा, मनोज मिश्रा, अशोक शर्मा, प्रमोद शर्मा, प्रवेन्द्र शर्मा सहित सैकड़ों विप्र बंधु उपस्थित थे।

## नर्स दिवस पर एक दर्जन नर्सेज का हुआ सम्मान

सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया



**कूदन, सीकर।** ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय कूदन में आज अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि डाक्टर प्रताप गढ़वाल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी कूदन, सीनियर नर्सिंग अधिकारी श्रीनिवास जाखड़ एवं दीनदयाल नेहरा, राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश कृष्णिया की अध्यक्षता में मनाया गया इस अवसर पर फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सामाजिक एवं विभागीय सेवाओं को अव्वल दर्जे तक पहुंचाने का प्रण लिया, धोद क्षैत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में BCMO श्री कुलदीप दानोदिया द्वारा चिकित्सा विभाग में सराहनीय कार्य करने पर नंदकरण, मनोज कुमार सिगरावट, सुरेश गोठड़, विजयपाल ,विकास,अशोक शर्मा, उत्तम,श्रीमती तारामणी,सुविता, अमरोश, संजू, निर्मला इत्यादि नर्सेज को उनके सर्वश्रेष्ठ कार्य पर सम्मानित किया गया इस अवसर पर भारी संख्या में ब्लॉक कूदन नर्सिंग अधिकारी, ANM, CHO शामिल हुए। भर्ती मरीजों को फल बांटे गये तत्पश्चात संगठनात्मक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

## वर्धमान सरोवर जयपुर में हुआ गुरु मां विज्ञाश्री माताजी का मंगल प्रवेश



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ जयपुर में धर्म का परचम लहराते हुए महती प्रभावना कर रही है । जयपुर की सभी कॉलोनियों में अपना अल्प प्रवास देकर भक्तों को भक्ति का अवसर प्रदान कर रही है ।इसी क्रम में वरुन पथ मानसरोवर से विहार करते हुए पूज्य माताजी ससंघ का वर्धमान सरोवर जयपुर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। गाजे बाजे के साथ भक्तों ने भक्ति के माध्यम से आर्यिका ससंघ की भावभीनी अगवानी की। पूज्य माताजी ने सभी को धर्मोपदेश देते हुए कहा कि - संतों का प्रवास भाग्य से नहीं अपितु परम सौभाग्य से मिलता है ।जिस प्रकार नदियां बहती रहती है उसी प्रकार साधु - संत एक स्थान से दूसरे स्थान के लिए बढ़ते रहते हैं। जिस स्थान पर साधु रहते है वहाँ खुशियों का वातावरण स्वतः ही बन जाता है। उनके आने से धर्म में भी वृद्धि होती है। वरुन पथ समाज के पाठशाला के बच्चों ने पूज्य माताजी ससंघ की आहारचर्या में सम्मिलित होकर सातिशय पुण्य का अर्जन कर पूज्य गुरु माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## थोड़ा-सा पानी, थोड़ा-सा दाना

### सबको मिलकर, है पहुचाना




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रदेश में लगातार बढ़ती गर्मी कारण आज हर एक जीव की स्थिति दयनीय है इसी में एक जीव समूह है पक्षी गर्मी के कारण पक्षियों को प्यास बुझाने के लिए पानी व भर पेट भोजन नही मिल पाता है। जिसके कारण आये दिन पक्षियों की मौत हो जाती हैं इन्हें भूखा प्यासा नही मरना पडे इसके लिए कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट ने अभियान शुरू किया। इस अभियान के तहत सभी पंछियों कि सेवा की जाती है। हमारे वेद-पुराण भी कहते हैं, जीव सेवा ही सबसे बडी सेवा है। गत आठ बर्षो से ये संस्था करीब 3600 परिंडे जयपूर शहर के भिन्न भिन्न मन्दिरों व पार्को में लगा चुका है। यह एक अनोखा परिन्डा है, जिस में ऊपर दाना और नीचे पानी दोनों ही की व्यवस्था होती है। इसी क्रम में 12 मई रविवार 2024 को जमुना विहार, मुरलीपुरा, जयपुर के पार्क में संस्था के सभी साधक, पदाधिकारियों व कालोनी वासीयो की उपस्थिति में परिंडे लगाए। यह मुहिम ग्रीष्म ऋतु तक जारी रहेगी। एवं हर रविवार को परिन्डे लगाए जायेंगे आप भी परिंडे लगाने में सहयोग कर सकते हैं आप के आस-पास किसी पार्क, मन्दिर सरकारी स्कूल या श्मशान घाट हो जहां परिंडे लगाये जा सके तो हमें जरूर बताईए।

JSG Jain Social Groups
जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्थ जयपुर

श्री धर्मेंद्र-श्रीमती लक्ष्मी बड़जात्या

सदस्य जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ जयपुर

13 मई ' 24



Happy Anniversary

9829170837

की वैवाहिक वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

| | | |
|---|---|---|
| संस्थापक अध्यक्ष | : | मनीष झांझरी |
| अध्यक्ष | : | सुनील सोगानी |
| सचिव | : | विशुतोष चाँदवाड |
| उपाध्यक्ष | : | अजय बड़जात्या |
| सह सचिव | : | महेंद्र जैन |
| कोषाध्यक्ष | : | सुकेश काला |

एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ, जयपुर

मदर्स डे विशेष

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी के प्रवचन से

## नौ घन्टे-पांच किलो का पत्थर, पेट पर बाँध कर रखो तो पता चल जायेगा "माँ" क्या होती है।



**माँ का मिलना भाग्य है। सुशिक्षित माँ का मिलना सौभाग्य है।**
**सुसंस्कारित माँ का मिलना अहो भाग्य है। शोभा माँ और पन्ना माँ जैसी माँ का मिलना महा सौभाग्य है।**
ध्यान रखना! जन्म दाता माँ-बाप तो कुत्ते के पिल्ले और गधे के बच्चों को भी मिल जाते हैं। लेकिन सुसंस्कार दाता माँ-बाप तो किसी खुशनसीब औलाद को ही मिलते हैं। इसलिए माँ आदि गुरू है क्योंकि वह अपनी औलाद को संस्कार दीक्षा देती है। अगर बेटा शराबी--कबाबी, चोर--उचक्का है तो इसके लिए 50 प्रतिशत फीसदी दोषी माँ-बाप है। क्योंकि उन्होंने संस्कार नहीं दिये। संसार का सबसे खुबसूरत शब्द है -- माँ। संसार के हिन्दी शब्द कोश में सबसे वजनदार शब्द है -- माँ। माँ -- ममता की गीता है, प्रेम की बाइबल है, समता की कुरान,, और सभी धर्मो का सार है - माँ। माँ--से ही तुतलाती बोली शुरू होती है और माँ ही पीड़ा का पहला शब्द होता है। माँ राहत की साँस है, चाहत की आस है और अखण्ड विश्वास है। मैं देश की माँ और बहनों से निवेदन कर रहा हूँ -- कि वे परिवार को सम्पन्न बनाने के लिए लक्ष्मी का रूप धारण करें। सन्तान को शिक्षित करने के लिए सरस्वती बनकर दिखायें,, और सामाजिक बुराइयों को ध्वस्त करने के लिए, सिंह पर आरूढ़.दुर्गा की भूमिका निभायें...!!!
चाहतों की - तुम सब किताब फाड़कर देना,
सिर्फ एक वो कागज की कापी जिस पर शब्द माँ लिखा हो..
बस आज मदर्स डे मनाना सफल और सार्थक हो जायेगा...!!!

नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद


# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मैत्री द्वारा मातृ दिवस पर सेवार्थ कार्यक्रम आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रविवार 12 मई को दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मैत्री जयपुर द्वारा मातृदिवस पर दुगार्पुरा स्थिति गौशाला में गौ माता को हरा चारा, रोटियां, सब्जियां, फल और दलिया अपने हाथो से खिलाया। साथ ही गर्मी में पक्षियों के पानी पीने के लिए परिंडे वितरण करें। जिसे सब सदस्यों ने अपने अपने घर पर लगाये इस पुण्यवान कार्यक्रम में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के कोषाध्यक्ष और मैत्री के फाउंडर अध्यक्ष अतुल निलीमा बिलाला, ग्रुप अध्यक्ष सुनील -मोनिका, मंत्री अजय -शशि, निवर्तमान अध्यक्ष रमेश संगीता, कोषाध्यक्ष रविन्द्र अल्का जी के अलावा आलोक- विशाखा, रितेश- रीना, सोनल -राजेश, रवि -प्रियंका अमित- प्रिती, रितेश -मोनिका, प्रमोद नीतू, पवन मीना के साथ छोटे छोटे बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# जियो ने लॉन्च किया नया "ओटीटी स्ट्रीमिंग प्लान", 888 रू में मिलेंगे 15 ओटीटी ऐप

## फाइबर और एयरफाइबर उपभोक्ता उठा सकेंगे फायदा, 15 ओटीटी ऐप में शामिल हैं, नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम और जियोसिनेमा जैसे प्रीमियम ऐप, 30 एमबीपीएस की मिलेगी स्पीड और साथ में अनलिमिटेड डेटा




**नई दिल्ली।** स्ट्रीमिंग के शौकीनों के लिए रिलायंस जियो एक नया पोस्टपेड ओटीटी बंडल प्लान लेकर आया है। उपभोक्ता को 15 प्रीमियम ओटीटी ऐप तो मिलते ही हैं, लेकिन साथ ही मिलता है अनलिमिटेड डेटा ताकी वे जब चाहें और जितनी देर तक चाहें अपने मनपसंदीदा ऐप पर कार्यक्रम देख सकें। प्लान 888 रू प्रति माह की किफायती कीमत पर मिलता है और यह जियोफाइबर और जियो एयरफाइबर ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। नए प्लान में ग्राहकों को 30 एमबीपीएस की स्पीड मिलेगी। इस प्लान की एक और खास बात है, चाहे कोई नया सब्सक्राइबर हो या 10 एमबीपीएस या 30 एमबीपीएस प्लान का उपयोग करने वाला मौजूदा यूजर, 888 रुपए का पोस्टपेड प्लान हर किसी के लिए है। प्रीपेड प्लान वाले और सभी मौजूदा यूजर आसानी से नए पोस्टपेड प्लान पर अपग्रेड कर सकते हैं। जियो आईपीएल धन धना धन ऑफर भी इस प्लान पर लागू होगा। जियोफाइबर या एयरफाइबर के पात्र ग्राहक अपने जियो होम ब्रॉडबैंड कनेक्शन पर 50 दिन का डिस्काउंट क्रेडिट वाउचर प्राप्त कर सकते हैं। 31 मई 2024 तक उपलब्ध जियो डीडीडी ऑफर विशेष रूप से टी-20 सीजन के लिए तैयार किया गया है।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com